# हरियाणा रोडवेज में 700 कंडक्टरों की भर्ती और 500 इलैक्ट्रिक बसों की होगी खरीद : विज

**सभी रोडवेज बसों में लगेगा जी.पी.एस., बस अड्डों पर डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड से मिलेगी समय-सारिणी की जानकारी, बस अड्डों पर अवैध खाद्य विक्रेताओं पर होगी सख्ती, स्वच्छता पर खास फोकस**

चंडीगढ़, 18 अगस्त (पांडेय): हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अगले एक माह के भीतर हरियाणा रोडवेज का मोबाइल ऐप लॉन्च किया जाएगा। इसके अलावा, हरियाणा रोडवेज में करीब 700 कंडक्टरों की भर्ती की जाएगी तथा राज्य में 500 इलैक्ट्रिक बसें खरीदी जाएंगी। विज मंगलवार को चंडीगढ़ में परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में परिवहन विभाग के आयुक्त एवं सचिव अतुल द्विवेदी भी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान अधिकारियों ने विज को बताया कि विभाग में करीब 700 कंडक्टरों की पदोन्नति की जानी है और उनके स्थान पर जल्द ही 700 नए कंडक्टरों की भर्ती की जाएगी। इस पर विज ने अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने यह भी बताया कि राज्य में ग्रीन एनर्जी के साथ-साथ ग्रीन ट्रांसपोर्ट को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 500 इलैक्ट्रिक बसें खरीदी जाएंगी। इसके अतिरिक्त, 125 साधारण बसें हरियाणा रोडवेज इंजीनियरिंग कार्पोरेशन के माध्यम से तैयार की जा रही हैं।

### मोबाइल ऐप में बसों की लाइव लोकेशन और 3 भाषाओं की सुविधा

अधिकारियों ने विज के समक्ष तैयार किए गए मोबाइल ऐप की प्रस्तुति दी। ऐप की समीक्षा करते हुए विज ने निर्देश दिए कि इसमें यात्रियों की सुविधा के लिए आवश्यक मॉड्यूल जोड़े जाएं। ऐप में निर्धारित समय पर निर्धारित बस अड्डे या बस स्टॉप पर बस के पहुंचने की जानकारी, बसों के अनधिकृत स्थानों पर ठहराव की जानकारी तथा अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को ऐप को हिंदी, अंग्रेजी और पंजाबी, तीनों भाषाओं में उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐप एंड्रायड और आई.ओ.एस.' दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होना चाहिए। इसके माध्यम से यात्रियों को बसों की लाइव लोकेशन की जानकारी मिलनी चाहिए, ताकि वे अपनी यात्रा की बेहतर योजना बना सकें।



*हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज चंडीगढ़ में परिवहन विभाग के अधिकारियों की एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए। (संजय कुर्ल)*

### बस अड्डों पर डिजिटल डिसप्ले बोर्ड लगाने के निर्देश

परिवहन मंत्री ने निर्देश दिए कि राज्य के सभी बस अड्डों पर बसों की समय-सारिणी और उनके गंतव्यों की जानकारी डिजिटल डिसप्ले बोर्ड पर प्रदर्शित की जाए, ताकि यात्री अपनी यात्रा की पूर्व योजना बना सकें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि प्रत्येक बस के बस अड्डे पर आने और वहां से रवाना होने का समय कंट्रोल सैंटर में रिकॉर्ड होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि यदि कोई चालक बस को निर्धारित बस अड्डे पर नहीं ले जाता है तो सिस्टम के माध्यम से उसकी स्वचालित रूप से जवाबदेही तय करने की प्रक्रिया' शुरू होनी चाहिए। विज ने कहा कि हरियाणा रोडवेज के अंतर्गत संचालित सभी बसों में जी.पी.एस. सिस्टम लगाया जाएगा, जिससे बसों की निगरानी और संचालन को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

### बस अड्डों पर स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने पर बल

बैठक में बस अड्डों पर यात्रियों को उपलब्ध होने वाली खाद्य सामग्री और मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री को रोकने पर भी चर्चा हुई। विज ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि रेलवे की आई.आर.सी.टी.सी. की तर्ज पर परिवहन विभाग के तहत एक नई संस्था गठित करने की संभावनाएं तलाशें, ताकि यात्रियों को निर्धारित एवं उचित कीमतों पर स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाई जा सके। उन्होंने बस अड्डों पर अवैध रूप से खाद्य सामग्री बेचने वाले विक्रेताओं को तत्काल हटाने के सख्त निर्देश दिए। विज ने स्पष्ट कहा कि लोगों को खाने-पीने के नाम पर जहर नहीं बेचने दिया जाएगा। विज ने अधिकारियों को बस अड्डों के शौचालयों की नियमित और समयबद्ध सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

STATE JOB RESULT

# रोडवेज में 700 कंडक्टरों की भर्ती होगी

## अगले एक माह में हरियाणा रोडवेज का मोबाइल एप लॉन्च किया जाएगा: विज

**भास्कर न्यूज | चंडीगढ़**

हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि यात्रियों की सुविधा के लिए अगले एक माह में हरियाणा रोडवेज का मोबाइल एप लॉन्च किया जाएगा। इसके अलावा करीब 700 नए कंडक्टरों की भर्ती और 500 इलेक्ट्रिक बसों की खरीद की जाएगी। परिवहन विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए विज ने अधिकारियों को आवश्यक प्रक्रिया जल्द पूरी करने के निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि करीब 700 कंडक्टरों की पदोन्नति के बाद रिक्त होने वाले पदों पर नई भर्ती की जाएगी। वहीं, 125 साधारण बसें हरियाणा रोडवेज इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन के माध्यम से तैयार की जा रही हैं। राज्य के सभी बस अड्डों पर डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड लगाए जाएंगे, जिन पर बसों की समय-सारिणी और गंतव्य की जानकारी मिलेगी। सभी रोडवेज बसों में जीपीएस लगाने के साथ बसों के संचालन की कंट्रोल सेंटर से निगरानी की जाएगी।

### मोबाइल एप में मिलेगी लाइव लोकेशन

विज ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मोबाइल ऐप एंड्रॉयड और आईओएस दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हो तथा हिंदी, अंग्रेजी और पंजाबी में संचालित हो। इसमें बसों की लाइव लोकेशन, निर्धारित समय पर बस के पहुंचने की जानकारी, किराया, अनधिकृत ठहराव और डिजिटल क्यूआर कोड जैसी सुविधाएं हों। एप का ट्रायल जल्द शुरू करने के निर्देश भी दिए गए।